
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 09.05.2022 से 14.05.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## अंबाला में अटल कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन
(दिनांक 09.05.22)




**विषय: अंबाला में अटल कैंसर केयर सेंटर का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा जी ने अंबाला में बने अत्याधुनिक कैंसर सेंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी और स्वास्थ मंत्री श्री अनिल विज जी भी उपस्थित रहे।

इस कैंसर सेंटर का नाम पूर्व प्रधानमन्त्री और भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपई जी के नाम पर रखा गया है। इसकी नीव भी स्वास्थ मंत्री रहते हुए श्री जे पी नड्डा जी ने ही रखी थी।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार सर्वे भवन्तु सुखिनरू सर्वे सन्तु निरामया के विचार पर काम कर रही है। और हरियाणा में आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उसी कड़ी में आज यह 'अटल कैंसर केयर केंद्र' को जनता को समर्पित किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि यह अवसर गौरव का दिन है कि स्वास्थ्य की दृष्टि से इतनी बड़ी सौगात राज्य को मिली है। इस अस्पताल में आधुनिक तकनीक से कैंसर मरीजों का इलाज होगा।

इस अवसर पर हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की प्रशंसा करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी ने कहा की तकनीक के साथ मिलकर हरियाणा सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है और हरियाणा डिजिटलीकरण के मामले में देश के राज्यों के लिए एक मिसाल बना है । अब स्वास्थ के क्षेत्र में भी तकनीकी की मदद से ली जा रही है ताकि लोगों की जान बचाई जा सके। अंबाला छावनी के सिविल अस्पताल में स्थापित किए गए 'अटल कैंसर केयर केंद्र' से हरियाणा ही नहीं पड़ोसी राज्य जैसे पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड आदि के कैंसर रोगियों को भी सुलभ, सस्ती और व्यापक उपचार मिलने में सहायता मिलेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 का प्रमोशनल कार्यक्रम

(दिनांक 10.05.22)

**विषय: खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 की प्रमोशनल कार्यक्रम।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम पहुंचकर हरियाणा में होने जा रहे खेलों इंडिया गेम्स के प्रमोशन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए लोग आगे आएं। साथ ही उन्होंने खेलों की मेजबानी का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार भी व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने अपनी इच्छा जताई और कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 में हरियाणा प्रथम आए। उन्होंने कहा की हम हरियाणा को खेलों का हब बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे है। अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। इन खेलों के लिए 25 दिन यानी 600 घंटे बाकी रह गए हैं। आज का यह कार्यक्रम सभी को संदेश देने के लिए है कि सभी को इन खेलों में भाग ले रहे खिलाडियों के उत्साहवर्धन के लिए आगे आना है।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स–2021 में खिलाड़ियों सहित दर्शकों की अधिकतम भागीदारी सुनिष्चित करने के लिए और विशेष तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इंडिया यूथ गेम्स–2021 के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ही गुरुग्राम में प्रोमोशनल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन खेलों के लिए देशभर से लोग आएंगे, जिससे यहां लघु भारत का दर्शन होगा। यह विशाल कार्यक्रम है, खेलों में 8500 से अधिक एथलीट्स भाग लेंगे। इसके अलावा लाखों दर्शक इन खेलों में शामिल होंगे। कार्यक्रम केवल पंचकूला में ही नहीं बल्कि चंडीगढ़, अंबाला, शाहबाद और दिल्ली में भी होंगे।



पूरे हरियाणा में इसके कार्यक्रम होंगे और पूरे हरियाणा के दर्शक इन खेलों को देखने पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा की मिट्टी में खेल रचे बसे हैं। हमारे गांव–गांव में अखाड़े बने हैं, खेल मैदान हैं। हमारे यहां 'दूध दही का खाना' जैसे कहावत हैं। यानि अच्छा खाओ और स्वस्थ रहो इसी को ध्यान में रखते हुए हमने डाइट मनी को 250 से बढ़ाकर 400 रुपए प्रतिदिन किया है। खेल के लिए सबसे पहले शरीर का बलशाली होना जरूरी है। खिलाड़ी शरीर को बलशाली बनाएगा और फिर अभ्यास करेगा तो अच्छा रिजल्ट आएगा। सरकार ने खिलाड़ियों के अभ्यास करने के लिए बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है। पिछले वर्ष खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 526 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें हरियाणा को खेलों का हब बनाना है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## मुंबई में आयोजित ग्लोबल सिटी का दूसरा गोलमेज सम्मेलन

(दिनांक 11.05.22)



**विषय: मुंबई में आयोजित ग्लोबल सिटी का दूसरा गोलमेज सम्मेलन।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज मुंबई पहुंचकर हरियाणा के गुरुग्राम में स्थापित किए जाने वाले ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट के लिए इच्छुक प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स एवं रियल एस्टेट केंद्रित फंडों की तलाश के लिए गोलमेज सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। अप्रैल, 2022 में गुरुग्राम में आयोजित पहले गोलमेज सम्मेलन के बाद आज मुंबई में दूसरा गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें डीएलएफ, बेस्टेक, गोदरेज, मायहोम्स, मैक्स रियल्टी, भारती रियल्टी आदि के शीर्ष प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम, जो सरकार की एक नोडल एजेंसी है, के तत्वावधान में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका विजन इस परियोजना को गुरुग्राम के केंद्रीय व्यापार जिले के रूप में विकसित करने का है, जिसमें आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों और भावी उन्मुख उद्योगों, निम्न कार्बन हरित बुनियादी ढांचे, सुगम जीवन, लोगों को कौशल बनाने और रोजगार सृजित करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने की बात करते हुए कहा कि यह अद्वितीय शहर नई तकनीक के साथ नई संभावनाओं को जन्म देगा जिससे नए उद्योगों के लिए आधार खड़ा होगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## समर्पण पोर्टल के वॉलंटियर्स के साथ संवाद
(दिनांक 12.05.22)



**विषय: समर्पण पोर्टल के वॉलंटियर्स के साथ संवाद।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी आज चंडीगढ़ स्थित अपने निवास पर अपने महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट समर्पण से जुड़े साथियों से बात की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा



कि निस्वार्थ सेवा भाव से काम करने के लिए लोग समर्पण पोर्टल से जुड़ रहे है। और समर्पण पोर्टल पर रजिस्टर्ड सभी 3500 लोगों को जल्द ही सामाजिक कार्य करने का मौका दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज सेवानिवृत कर्मचारियों का एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो समाज के हित में अपना बचा हुआ समय लगाना चाहता है। ऐसे लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाकर इस सेवा भाव के यज्ञ में शामिल हो सकते हैं। सरकार पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के चलते परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) का कार्य निरंतर चल रहा है। पीपीपी के अंतर्गत वैरिफिकेशन का सर्वे भी जारी है। इस सर्वे को और अधिक मजबूत करने के लिए समर्पण पोर्टल पर रजिस्टर्ड कुछ वॉलंटियर्स की मदद ली जाएगी। इसी तरह भविष्य में अलग–अलग कार्यों में जहां इनकी जरुरत महसूस होगी, वहां कार्यों का दायित्व भी सौंपा जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## आर्म लाइसेंस के संबंध में बैठक

(दिनांक 13.05.22)



**विषय: आर्म लाइसेंस के संबंध में बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने आर्म लाइसेंस के संबंध में एक अहम बैठक लेते हुए अधिकारीयों को इसकी पूरी पक्रिया को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब शस्त्र लाइसेंस के आवेदन भी ऑनलाइन होंगे। इन्हेसरल व अत्योदय केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा की नागरिक सेवाओं में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग करने की मुहिम में आज एक और अध्याय जुड़ गया है जब अब शस्त्र लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को भी ऑनलाइन करने को हरी–झड़ी दे दी गई है।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि शस्त्र लाइसेंस की आवेदन प्रक्रिया को परिवार–पहचान–पत्र के साथ लिंक किया जाएगा। इसके लिए एनआईसी, नागरिक संसाधन सूचना विभाग व गृह विभाग मिलकर कार्य करे। और इस प्रक्रिया को एक–दो महिनों में दुरस्त कर लिया जाएगा और एक जुलाई को यह पोर्टल लॉच किया जा सकता है।

लाइसेंस लेने के पहले शस्त्र लाइसैंस के लिए ट्रेनिंग अनिवार्य होगी।बैठक में निर्णय लिया गया कि शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने वालों को पुलिस विभाग से कम से कम एक सप्ताह की शस्त्र बारे व फायरिंग की ट्रनिंग लेनी होगी। मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि आरम्भ में पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र मधुबन, करनाल, भोंडसी, गुरुग्राम, सुनारिया रोहतक व रोहतक के अलावा हरियाणा पुलिस की सिरसा, नारनौल, जीन्द व कुरुक्षेत्र की फायरिंग रेंज में ट्रेनिंग दी जा सकती है।

लाइसेंस के आवेदन करने वाले को ट्रेनिंग का विकल्प भी भरना होगा और ट्रेनिंग के बारे आवेदक के मोबाइल पर मैसज भेज दिया जाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि लाईसेंस श्रेणियां प्राथमिकता के आधार पर वर्णित हो और प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता हो, सभी जिलों के शस्त्र लाइसेंसों के डाटा की समीक्षा नियमित आधार पर की जाए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाई पॉवर परचेज कमिटी की बैठक

(दिनांक 13.05.22)



**विषय: हाई पॉवर परचेज कमिटी की बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में एचपीपीसी की बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें हाई पॉवर परचेज कमेटी ने 450 करोड़ रुपये से अधिक की खरीद को मंजूरी प्रदान की।

बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन, नागरिक उड्डयन, हरियाणा रोडवेज इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचआरईसी), हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (एचवीपीएलएन), दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन), हरेडा तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और मुद्रण एवं स्टेशनरी सहित आठ विभागों के कुल 17 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से 14 एजेंडे को मंजूरी दी गई।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विश्वविद्यालय के कुलपतियों का सम्मेलन

(दिनांक 14.05.22)




**विषय: विश्वविद्यालय के कुलपतियों का सम्मेलन।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा निवास चंडीगढ़ में आयोजित विश्वविद्याल के कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि केजी से पीजी तक की शिक्षा सभी विश्वविद्यालयों में शुरू की जाएगी।

साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों की फीस का भुगतान हरियाणा सरकार करेगी। इसके लिए शीघ्र ही नई योजना लाई जाएगी। साथ ही कम्प्यूटर शिक्षा को भी अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने सभी कुलपतियों को विश्वविद्यालयों में एम्पलाईमेंट ऑरियेंट प्रोग्राम चलाने के लिए भी कहा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में केजी से पीजी तक की शिक्षा शुरू की जाएं ताकि बच्चों को एक ही स्थान पर गुणवतायुक्त शिक्षा उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि युवाओं को गुणवतायुक्त और अच्छी शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए तकनीकी शिक्षा एवं उच्चतर शिक्षा विभाग का समायोजन किया जाएगा। इससे सरकार पर पड़ने वाला अनावष्यक बोझ भी कम होगा और युवाओं को बेहतरीन स्तर की तकनीकी और उच्चतर स्तर की शिक्षा संयुक्त रूप से मिल सकेगी। उन्होंने एलएलबी, इंजीनियरिंग आदि पाठ्यक्रमों में हिन्दी को बढावा देने और अमृत सरोवर योजना के तहत

# साप्ताहिक सूचना पत्र

इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को सरकारी विभागों के साथ जोड़ने के भी निर्देश दिए।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विश्वविद्यालयों को स्वावलम्बी भी बनाया जाएगा। विश्वविद्यालयों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं स्वावलम्बी बनाने पर बल दिया जाए ताकि उन्हें सरकार की ग्रांट पर निर्भर न रहना पड़े। इसके लिए सरकार द्वारा बाहर से करवाए जाने वाले कार्य विश्वविद्यालयों को दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कंसलटेंट, सर्वे आदि कार्य के लिए सरकार बाहर से एजेंसियां हायर करती है। भविष्य में ऐसे कार्य विश्वविद्यालयों को दिए जाएंगे । इससे विश्वविद्यालय की आय में इजाफा होगा और वे आर्थिक रूप में सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य पहले भी विश्वविद्यालयों को दिए किए गए हैं और वे आर्थिक रूप से सक्षम बने हैं।

## कुरुक्षेत्र में मैराथन का आयोजन

(दिनांक 15.05.22)




**विषय:** कुरुक्षेत्र में मैराथन का आयोजन।

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कुरुक्षेत्र में सांसद खेल स्पर्धा के तहत आयोजित की गई मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई। 5 हजार से भी ज्यादा महिला व पुरुष प्रतिभागियों ने मैराथन में भाग लिया। मुख्यमंत्री जी ने स्वयं भी मैराथन में दौड़ लगाई।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने खेलों के दम पर विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि देश की युवा शक्ति 24 कैरेट सोना है, वहीं हरियाणा प्रदेश की युवा बिग्रेड ने अपनी शक्ति, तेज और खेलों के दम पर 24 कैरेट डायमंड के रूप में पूरे विश्व में अपनी एक पहचान बनाई है। इस युवा शक्ति को सक्षम बनाने के साथ–साथ सार्थक बनाने के प्रयास प्रदेश सरकार की तरफ से किए जा रहे है। इन्हीं प्रयासों के चलते ही सांसद खेल स्पर्धाओं जैसे कार्यक्रमों से युवाओं को आगे बढने, दूसरों की मदद करने और देश की तरक्की में योगदान देने की प्रेरणा पैदा होगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## यमुनानगर प्रगति रैली

(दिनांक 15.05.22)




**विषय: यमुनानगर प्रगति रैली।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज यमुनानगर पहुंचकर यहां आयोजित प्रगति रैली को संबोधित किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर यमुनानगर में फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट बनाने की घोषणा भी की। यमुनानगर के लिए सैंकड़ों करोड़ रुपये की योजनाओं की शुरुवात भी की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भ्रष्टाचार खत्म करना मेरा संकल्प है।

मुख्यमंत्री जी ने ने सढोरा के 10 बेड के अस्पताल को 50 बेड का अस्पताल करने की भी घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने किशनपुरा गाँव में 14 एकड़ जमीन पर नया कॉलेज भवन बनाने, फारुखपुर स्कूल को मॉडल संस्कृति स्कूल बनाने के साथ–साथ जिला यमुनानगर के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए कुल 680 करोड़ रुपये की घोषणाएं भी की।

उन्होंने कहा कि पिछले 7 सालों में राज्य सरकार ने सभी क्षेत्रों में बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य करवाये हैं। पिछले 3 साल में जिला यमुनानगर में लगभग 1087 करोड रुपये के विकास कार्य करवाए गए हैं। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है। 17 नेशनल हाईवे मंजूर हुए थे, जिसमें 6 पूरे हो चुके हैं और 11 पर काम चल रहा है। यमुनानगर से पेहवा तक नेशनल हाईवे मंजूर हो चुका है, जिसका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इसी प्रकार करनाल से यमुनानगर रेलवे लाइन भी मंजूर हो चुकी है इसका सर्वे किया जा रहा है, जल्द ही इसका लाभ मिलेगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि चंडीगढ के आसपास के जिलों यानी पंचकूला यमुनानगर अंबाला कुरुक्षेत्र में गुरुग्राम की तर्ज पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा सरस्वती नदी के पुनरुद्धार की परियोजना भी शुरू की गई है। इसके अंतर्गत दो बांध बनाए जाएंगे और एक बांध आदि बद्री में बनेगा। जिससे पानी की अविरल धारा सरस्वती नदी में बहेगी। इसी प्रकार, लोहागढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर का बहुत बड़ा स्मारक बनाने की भी योजना बनाई गई है, जिसके लिए जमीन ले ली गई है और जल्द ही स्मारक का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।